हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



खबर संक्षेप

## जावेद ने की शहर अध्यक्ष के लिए दावेदारी

**महासमुंद।** स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्षों के



दावेदारों से मुलाकात के दौरान जावेद चौहान ने भी अपनी दावेदारी पेश करते हुए अपना बायोडाटा सुबोध हरितवाल के समक्ष पेश करते हुए कहा कि वे वर्ष 2000 से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे है। पार्टी के प्रति पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उन्होंने पार्टी द्वारा प्रदान की गई हर जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। युवा कांग्रेस ब्लाक महामंत्री से लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव जैसे पदों में रहकर पार्टी की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते आ रहे है। चौहान ने अपने राजनीति यात्रा के दौरान किए गए कार्यों की एक फाइल भी सौंपी है।

## एक राष्ट्र एक राष्ट्रभाषा पर परिचर्चा आज

**महासमुंद।** आस्था साहित्य समिति द्वारा हिन्दी मास पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में एक राष्ट्र एक राष्ट्रभाषा विषय पर परिचर्चा का आयोजन 18 सितंबर को दोपहर 2 बजे होगा। समिति की ओर से जानकारी देते हुए टेकराम सेन चमक ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद् शशिप्रभा थिटे उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता आस्था साहित्य समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे। उक्त परिचर्चा में पूर्व शिक्षाअधिकारी एस चंद्रसेन, साहित्यकार डॉ. साधना कसार, साहित्यकार अशोक शर्मा, डॉ. बंधु राजेश्वर खरे, टेकराम सेन, सुरेंद्र अग्निहोत्री, सरिता तिवारी, शिक्षाविद केआर चंद्राकर सहित साहित्यकार गण उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरि ने कहा कि उक्त शैक्षिक परिचर्चा में उपस्थिति अवश्य प्रदान करें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नगर पंचायत बसना में आधार केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

नगर पंचायत बसना में बुधवार को एक भव्य और बहुआयामी कार्यक्रम हुआ। यह आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर किया गया, जिसमें आधार केंद्र का शुभारंभ, स्वच्छता पखवाड़ा और विश्वकर्मा जयंती जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को एक साथ समाहित किया गया। नगर में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आधार केंद्र का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र नागरिकों को आधार संबंधित सभी आवश्यक सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश सदस्य डॉ. एनके अग्रवाल तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरज सिदार उपस्थित रहे। उन्होंने आधार केंद्र के शुभारंभ को नगर के विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

### जयंती की पूजा-अर्चना

नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ ही स्वच्छता जागरूकता फैलाने वाले वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई,



जिससे स्वच्छता के साथ-साथ संस्कृति और परंपरा का भी समावेश हुआ। कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा जयंती भी धूमधाम से मनाई गई। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सभी मशीनों, उपकरणों और सफाई वाहनों की पूजा कर कार्यों में समृद्धि और सफलता की कामना की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. खुशबू अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, पार्षद महेंद्र सिंह अरोरा, पार्षद आशीष साहू, सभापति प्रकाश सिन्हा तथा अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और देश के निरंतर विकास की कामना की। सीएमओ सूरज सिदार ने कहा, "स्वच्छता अभियान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।" डॉ. एनके अग्रवाल ने कहा, "बेटियों को सशक्त बनाने के साथ-साथ डिजिटल सुविधाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना भी हमारा कर्तव्य है। आधार केंद्र इस दिशा में उपयोगी सिद्ध होगा।" डॉ. खूशबु अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पंचायत बसना ने कहा, "यह आयोजन नगर की समग्र उन्नति और जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सभी का दायित्व है कि हम स्वच्छता, तकनीक और परंपरा को साथ लेकर चलें।" कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य, लंबी उम्र और राष्ट्र की उन्नति की मंगल कामना के साथ किया गया। स्थानीय नागरिकों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर कार्यक्रम को संपन्न किया।

**आयोजन :** बागबाहरा में मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

# सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सेवा कार्यों और सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पूरे देश में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा बागबाहरा शहर मंडल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन मंडल अध्यक्ष डिंपल (डॉली) ध्रुव के नेतृत्व में हुआ, जिसमें पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया।

उन्होंने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों की साफ-सफाई कर मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया। इसके बाद, कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उन्हें फल वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन सुना, जिसका विषय 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' था। इस संबोधन के माध्यम से प्रधानमंत्री ने महिला स्वास्थ्य



और परिवार की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने बताया कि कृषि उपज मंडी में भाजपा नेत्री अल्का चंद्राकर द्वारा एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 75 मातृशक्ति को भी सम्मानित किया गया। जिसमें मंडल के सभी कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाना उनकी प्रेरणा और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा भावना को दर्शाता है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के 'सेवा ही संगठन' के मंत्र के अनुरूप था। इन कार्यक्रमों में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, जिला भाजपा प्रतिनिधि प्रेम साहू, नरेश चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, शंकर तांडी, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दुबेलाल साहू, उपाध्यक्ष संजय मालवे, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, नारायण तांडी, अतुल गंडेचा, अरविंद छाबड़ा, अशोक दीप, सविता दीवान, थानुराम पांडे, मोतीलाल पुजारा, नीरज मानिकपुरी, अजीत तांडी, कल्लू देवांगन, नीतीश पांडे, मदन लाल देवांगन, पूनम चंद्राकर, योगेश चिंदा, जाह्नवी साहू, गंगा यादव, दिनेश विशाल एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के सहसंयोजक महेंद्र गुप्ता, गजेंद्र साहू आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष नियुक्ति के लिए प्रभारी ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

अखिल भारतीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी विनोद तिवारी द्वारा बागबाहरा ग्रामीण के कांग्रेसजनों की बैठक पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस बागबाहरा में ली गई। जिसमें खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को विधायक द्वारिकाधीश यादव, प्रभारी विनोद तिवारी, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसजन सेवाराम साहू, मानसिंह दीवान, मोहन कुलदीप, गणेश शर्मा, टेनूराम साहू, मनोहर ठाकुर, हेमसिंह नायक, दुर्गा सागर, मनोहर पटेल, रामेश्वर चक्रधारी, पुष्पेंद्र चंद्राकर, रामराज चौबे, संतोष जांगड़े, दुमन लाल यादव आदि ने संबोधित कर कांग्रेस को सशक्त एवं सक्रिय बनाने आह्वान किया।

प्रभारी विनोद तिवारी ने बंद कमरे में सभी दावेदारों एवं समर्थकों से अलग-अलग चर्चा कर उन्हें सुना। ब्लाक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के ब्लाक अध्यक्ष के लिए कुल 9 नाम सामने आए। जिसमें वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष रवि निषाद, हीरादास टंडन, तारेश साहू, चयनकुमार कौशिक, देवनाथ साहू, माखन सोन, टेकराम कुलदीप, कोमल भाई टंडन, एवं नंदकुमार निषाद है। बैठक में मंडल अध्यक्षगण राजेश सिंहा, चंदूलाल साहू, मुकुंद सिंहा, हरिराम यादव, तुलाराम साहू, सेक्टर अध्यक्षगण अश्वनी साहू, कोमल महानंद, शांत साहू, ओमप्रकाश साहू, शाहजान पाशा, लखबीर छाबड़ा, जयंतीलाल चंद्राकर, जीवराखन निर्मलकर, चोवाराम साहू, और शमीम खान, कुमार ढीढी, अंकित बागबाहरा, पारस सांखला, राजेश सोनी, ख़ोमेश साहू, सुनील ब्यौहार, गौरवजानी चंद्राकर, जतिराम निषाद, केवल यादव, रोशन साहू, जयश्री ठाकुर, बालेश साहू, सविता गोस्वामी, कुसुमलता बरिहा, ज्योति निषाद, ढेलू चंद्राकर, जीवन नायक, कबीर साहू, बलराम ध्रुव, संजय साहू, तोरणदास बैरागी, देवदास बैरागी, शंकर कुलदीप, लीलाधर चंद्राकर, लोकेश दीवान, निजामसिंह दीवान, संजय साहू, रीमा यादव आदि मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत जिला परिवहन विभाग के 5 कर्मचारियों ने किया रक्तदान






**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश एवं परिवहन मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव तथा अधीनस्थ स्टाफ द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया।

## सिरपुर में ग्राम स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** जनजातीय समुदायों के उत्कर्ष एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित अभियान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण के पश्चात ग्राम स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में महासमुंद विकासखंड की 25 पंचायतों के लिए 10 से 16 सितंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित गया। जनपद पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मंडावी ने बताया कि 10 सितंबर को झलप में आयोजन के साथ शुरुआत से 16 सितंबर को सिरपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिरपुर में प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर गिरीश ध्रुव के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स शीला प्रधान, मोनिका गुप्ता, आलोक शुक्ला, बाबूलाल ध्रुव, योगेश निर्मलकर, कुलदीप सर्वा, रितु चंद्राकर, मोहनीश वैष्णव प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिरपुर सरपंच पुष्पा के माली, पंचायत सचिव शिव कुमार पटेल तथा अमलोर, खमतराई, मोहकम और लहंगर के ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत आदि कर्मयोगीयों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण में विलेज लेबल मास्टर ट्रेनर्स को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम स्तर पर श्रम प्रबंधन, आजीविका संवर्धन के लिए जोर दिया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा अध्यक्ष पद पर विकास ने की दावेदारी

**पिथौरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक



सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस के युवा नेता विकास शर्मा ने अपनी दावेदारी पेश की है। शर्मा पिथौरा नगर के वार्ड नं 06 के निवासी हैं और वर्ष 2003 से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले शर्मा ने अब तक कई जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे एनएसयूआई शहर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष इंटक सचिव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस पिथौरा उपाध्यक्ष तथा 2016 से 2022 तक जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष रहे। राजनीतिक गलियारों में विकास शर्मा को खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के करीबी माना जाता है। इसके साथ ही उनका संबंध बसना विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह से भी मजबूत रहा है। यह निकटता उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाती है। संगठनात्मक क्षेत्र में सक्रिय रहने के साथ ही उनके परिवार ने भी राजनीति में अपनी छाप छोड़ी है। उनकी पत्नी अनामिका विकास शर्मा लगातार दो बार अलग-अलग वार्डों से पार्षद निर्वाचित हुई हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि विकास शर्मा की छवि साफ-सुथरी, निडर और साहसी नेता की है। स्थानीय स्तर पर उनकी पकड़ और वरिष्ठ नेताओं से निकटता को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद का मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

## शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल झलप में रोड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

**झलप।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप में मंगलवार को



अध्ययनरत विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व आईएमटी हेड पवन सिंह, सीआरओ महावीर सोनी, एम्बुलेंस एवं आरपीवी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चलते समय अपनाए जाने वाले नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही सड़क पर लगे विभिन्न साइन बोर्ड्स का अर्थ समझाया गया और उन्हें पालन करने के महत्व पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त वाहन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल परिसर में विद्यार्थियों की साइकिलों पर रेडियम स्टिकर भी लगाए गए। ताकि, रात में उनकी दृश्यता बनी रहे और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। इस अवसर पर प्राचार्य एवं अन्य विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं और आमजन ने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझते हुए यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## 2 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा अभियान एवं 01 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में जिला एवं विखं स्तर पर सहायक उपकरण वितरण, दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी के लिए चिन्हांन शिविर, पेंशन समाधान शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परिवीक्षा अधिकारी सुनीता तिर्की एवं सहायक वर्ग 3 एपी द्विवेदी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। 18 सितंबर को जनपद बागबाहरा, 19 सितंबर को जनपद पिथौरा, 22 सितंबर को बसना, 23 सितंबर को महासमुंद एवं 24 सितंबर को जनपद पंचायत सरायपाली में पेंशन समाधान शिविर, आधार सीडिंग, मोबाईल सीडिंग, डीएलसी की प्रक्रिया, जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी एवं सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन एवं उपकरण वितरण किया जाएगा। खेल विभाग, पुलिस, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं नशा मुक्ति केंद्र द्वारा जिला स्तरीय नशामुक्त भारत के सशक्त संदेश के साथ मैराथन का आयोजन 21 सितंबर को किया जाएगा। 25 सितंबर को फॉर्चुन फाउंडेशन नेत्रहीन उच्च, माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा में पेंटिंग, गायन, स्लोगन राईटिंग एवं अन्य प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर पंचायत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 27 सितंबर को सभी जनपदों में नवीन पेंशन आवेदन एवं स्वीकृत आवेदकों का पेंशन स्वीकृति आदेश वितरण होगा।

# हिंदी दिवस पर महेंद्र पसायत की काव्य रचनाओं पर शोधपरक पारस्परिक संवाद कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन की प्रादेशिक शाखा छत्तीसगढ़ व एमडी एजुकेशन सोसायटी के सँयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस पर शिक्षाविद डॉ. अनिल कुमार प्रधान के संयोजन में रचनाकार महेंद्र पसायत की काव्य रचनाओं पर शोधपरक पारस्परिक संवाद कार्यक्रम डॉ. पी आर वासुदेवन सेवानिवृत्त हिंदी अधिकारी भारत सरकार चेन्नई तमिलनाडु के मुख्य आतिथ्य, डॉ. शुभ्रा डड़सेना शिक्षक व साहित्यकार की अध्यक्षता, शिक्षाविद डॉ. पवन कुमार यादव, शिक्षाविद डॉ. मुकेश कुमार चौधरी, प्रबंधक एमडी मेमोरियल स्कूल मनोज प्रधान के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

शिक्षाविद डॉ पवन कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रधर्म और मानव समाज के उत्कर्ष के लिए महेंद्र पसायत के जनचेतना को जागृत करने वाली काव्य रचनाओं से अभिभूत समस्त साहित्य अनुरागियों का परम सौभाग्य है कि उन्हें अपने जीवन में काव्य रचना के क्षेत्र में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डधारी का साक्षात सानिध्य प्राप्त हुआ है। डॉ. मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि महेंद्र पसायत की काव्य रचना रष्ट्रभक्ति परंपरा के पुरोधा प्रतिनिधि, वर्तमान समाज के सुधारवादी विचारधारा एवम् समसामयिक मुद्दों पर सटीक प्रहार करती हैं। शिक्षक व साहित्यकार डॉ. शुभ्रा डड़सेना द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि महेंद्र पसायत द्वारा सृजित काव्य रचनाओं का अवधान राष्ट्रधर्म एवं समाजकल्याण की ओर अग्रसर है, तभी राज्य के दूरस्थ स्थानों में महेंद्र की कविताओं के अनुयायी साहित्य प्रेमी विद्यमान है। शोधपरक पारस्परिक संवाद कार्यक्रम में अंचल के काव्य रचना के क्षेत्र में महेंद्र पसायत के योगदान और समर्पण पर शोधपरक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अंचल के साहित्यकार अजय प्रधान, अर्जुन कुजूर, ख़रिसिंधु साहू, प्रेमानंद भोई, प्रेमचंद्र साव, सुंदर लाल डड़सेना, विनोद चौहान, यशवंत चौधरी, नरेंद्र मांझी, रमेश प्रधान, संजय डड़सेना, किरण यादव द्वारा शोधपरक वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। सभी वक्ताओं ने देशभक्ति व समर्पण भाव के प्रति अपना समर्थन देते हुए महेंद्र पसायत की मौलिक रचनाओं को धरोहर के रूप में संरक्षित करने एवं काव्य पंक्तियों को वृहत जन समुदाय तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। समस्त वक्ताओं को समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं अतिथियों को मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार प्रधान एवं आभार व्यक्त महेंद्र पसायत द्वारा किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर परसापाली में बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**पिथौरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विकासखंड पिथौरा के ग्राम परसापाली में सेवा एवं संस्कार से जुड़ा विशेष



कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के बुजुर्गों का विधिवत पैर धोकर उनका आशीर्वाद लिया गया तथा उन्हें श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से प्रेरणा लेकर किया गया है। उन्होंने सदैव सेवा, सम्मान और संस्कार की भावना को समाज में बढ़ावा दिया है। बुजुर्गों का सम्मान नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का माध्यम है। इस अवसर पर शंकरलाल ध्रुव, रूप सिंह ध्रुव, झाडूराम सिन्हा, भैयाराम ध्रुव, सेवक राम ध्रुव, मनसा राम ध्रुव, कंवल सिंह ध्रुव एवं उपसरपंच सोनुराम ध्रुव का पैर धोकर, श्रीफल और शाल भेंट कर विशेष रूप से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला आयोजक मनमोहन जैन, रमेश पटेल एवं किशोर पटेल आदि मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं कीं।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### घर के पास आकर गाली गलौज

**महासमुंद।** घर के पास आकर गाली गलौज करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ग्राम टोंगोपानी के गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि 11 सितंबर को करीब 2 बजे वह बैंक कार्य से ग्राम खम्हरिया जा रहा था, तभी गांव के बाहर बल्ला ध्रुव के घर के सामने मेन रोड में कुंजन साहू एवं उनके साथी द्वारा नशे में उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट किया गया, जिस पर दोनों में आपसी समझौता हो गया था। इसके बाद 14 सितंबर की रात 1 बजे के आसपास कुंजन साहू अपने साथियों के साथ शराब के नशे में उसके घर के पास आया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने धमकी देकर घर में ईंट पत्थर फेंका। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### खेत से सोलर सिस्टम के सामान चोरी

**महासमुंद।** ग्राम दर्रीपाली के गोठान/चारागाह में लगे सोलर सिस्टम के सामान चोरी के मामले में पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सरपंच खेमराज भट्ट ने बताया कि ग्राम पंचायत चिरको के आश्रित ग्राम दर्रीपाली के गौठान /चारागाह में सौर उर्जा पंप सिस्टम वर्ष 2020 में लगवाया गया था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 1 अगस्त से 10 अगस्त के मध्य सौर सिस्टम के दोनों कंट्रोलर, सौर प्लेट का सपोर्टर एंगल तथा डीसी केबल करीबन 10,000 रुपए को चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के ग्राहक सेवा केंद्र में हुई चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को डामन कुमार साहू ने बताया कि उसका स्टेट बैंक के बाजू में मेन रोड बागबाहरा में भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र है। 17 सितंबर को करीब 10 बजे उसके कर्मचारी खोमन पटेल ने दुकान खोला और देखा कि दुकान के सामान बिखरे पड़े थे। दुकान में रखा लैपटाप कीमत 25000 रूपये,नेट राउटर 2500 रुपये का तथा गल्ले से 3000 रूपये कुल 30500 रूपये नहीं था। इसकी जानकारी खोमन लाल ने उसे फोन कर दी। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

### वार्षिक आमसभा हुई

**महासमुंद।** राजिम राज देवांगन समाज द्वारा 6 वर्षीय विशेष महासभा का आयोजन ग्राम मचेवा के पटेल भवन में किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य 11 से महेंद्र साहू एवं विशेष अतिथि ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रतिनिधि किशोर ध्रुव, अध्यक्षता देवांगन समाज के अध्यक्ष कुमार देवांगन ने की। इस अवसर पर अमरचंद देवांगन आदि मौजूद रहे।

# हड़ताल की वजह से अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे कुपोषित बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

एनएचएम कर्मियों की हड़ताल बीते 30 दिनों से जारी है। वहीं मितानिनें भी अपनी मांगों को लेकर 7 अगस्त से हड़ताल पर हैं। इसके चलते स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं। मातृ शिशु अस्पताल सहित जिले के पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) की हालत गंभीर हैं। हड़ताली कर्मचारियों के सामने सिस्टम भी लाचार नजर आ रहा है।

दरअसल, पोषण पुनर्वास केंद्रों में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को भर्ती करके चिकित्सा देखभाल, पोषण संबंधी सहायता, निशुल्क भोजन दिया जाता है। इसके अलावा बच्चों के साथ आने वाली उनकी माताओं को भी पौष्टिक भोजन और दैनिक वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। इन पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा दिया जाता है और उन्हें वापस स्वस्थ और सुपोषण की स्थिति में लाया जाता है, लेकिन बीते दिनों से ऐसे बच्चों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

## पोषण पुनर्वास केंद्र में पसरा सन्नाटा, स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों का सुध लेने वाला कोई नहीं

### बच्चों को एनआरसी में करते हैं भर्ती

गंभीर कुपोषित बच्चों को इसलिए एनआरसी में भर्ती किया जाता है, क्योंकि यहां उन्हें पोषण आहार देने का एक फिक्स मापदंड रहता है। यहां की कुक बच्चों के वजन, उनके डाइट के हिसाब से खाना बनाती है। सबका डाइट चार्ट बना रहता है। वजन के हिसाब से ही बच्चों की दवाई फिक्स रहती है। एनआरसी में 1 माह से लेकर 5 साल तक के बच्चों को भर्ती किया जाता है।



### मितानिनें भी हड़ताल पर बच्चे कैसे पहुंचेंगे केंद्र

गंभीर रुप से कुपोषित बच्चों की पहचान आंगनबाड़ी केंद्रों से होती है। ऐसे बच्चों को एनआरसी तक लाने का काम महिला बाल विकास विभाग की ओर से मितानिनों का रहता है। लेकिन, मितानिन भी अपनी मांगों को लेकर 7 अगस्त से हड़ताल पर हैं। जिससे एनआरसी बंद होने की स्थिति में हैं।

### पोषण पुनर्वास के अधिकतर बेड खाली

जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र अधिकतर बिस्तर खाली नजर आ रहे हैं, क्योंकि कुपोषण से ग्रसित बच्चों को एनआरसी तक लाने का काम महिला बाल विकास विभाग की ओर से मितानिनों का रहता है।

## एकजुट: आगामी समय में वृहद स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने भरी सहमति

# शराब फैक्ट्री को बैराज से पानी दिए जाने का विरोध, रणनीति बनाने जुटे 48 गांव के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

समोदा बैराज से पिकाडिली शराब फैक्ट्री को पानी दिए जाने के विरोध दर्ज कराने 48 गांवों के किसान तुमगांव में एकजुट हुए। दरअसल इस बैराज से क्षेत्र के 48 गांवों तक समूह जल प्रदाय योजना के तहत पानी पहुंचाने की योजना है। बैराज से शराब फैक्ट्री को पानी दिए जाने की अनुमति दिए जाने से 48 गांव के किसान प्रभावित होंगे। इसी तारतम्य में बुधवार को पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व ने तुमगांव के संत माता कर्मा सदन में आयोजित की गई। जिसमें शराब फैक्ट्री को पानी दिए जाने के विरोध में रणनीति बनाई गई।

बैठक में प्रमुख रूप से इस मुद्दे पर चर्चा हुई कि समोदा बैराज से जब क्षेत्र के 48 ग्रामों को पानी दिये जाने की योजना है, तो पिकाडिली शराब फैक्ट्री को पानी क्यों दिया



जा रहा है। यदि शराब फैक्ट्री को पानी दिया गया तो गांवों तक पानी कैसे पहुंच पाएगा। पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्र के 48 गांवों में जल संकट की स्थिति से निपटने के लिए समोदा बैराज से गांवों तक पानी पहुंचाने की योजना बनी थी। जिसे वर्तमान सरकार द्वारा विफल करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम सरकार के इस तानाशाही निर्णय का पुरजोर विरोध करते हैं। हम सरकार के हर उस निर्णय का विरोध करते हैं, जो जनहित के विरुद्ध हो।

### 70 हजार की आबादी

उन्होंने कहा कि समोदा बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 ग्रामों के 15238 परिवारों के 70 हजार आबादी को 12909 नल कनेक्शन के माध्यम से समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना के तहत पानी देना प्रस्तावित है। इसी बैराज से पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज को बीयर व शराब निर्माण के लिए जलापूर्ति किये जाने के लिए अलग से इंटेकवेल का निर्माण किया जा रहा है।

### इन गांवों के लोग रहे उपस्थित

बैठक में उपस्थित ग्राम बंदोरा, छपोराडीह, खड़सा, जलकी, भोरिंग, पासिद, परसाडीह, अछरीडीह, अचानकपुर, बांसकुड़ा, अमलोर, सुकुलबाय, लहंगर, अछोला, गढ़सिवनी, घोड़ारी, बिरकोनी, सिरपुर, खैरझिटी, तेंदुवाही, अछोली, बोरिद, बिरबिरा, केडियाडीह, बरबसपुर, कुकराडीह, मोहकम, जोबा, मालीडीह, बेलटुकरी, पिरदा, चुहरी, पीढ़ी, कर्राडीह, मुड़ियाडीह, नांदबारू, बड़गांव, केसलडीह, फुसेराडीह, खिरसाली, गुडरूडीह, खट्टीडीह, खमतराई, रायकेरा, मरौद, सेनकपाट, कुहरी, अमावस के ग्रामीणों ने एक स्वर में शराब फैक्ट्री को समोदा बैराज से पानी दिये जाने का विरोध किया तथा आगामी समय में वृहद रूप से विरोध प्रदर्शन करने हामी भरी। इसके अलावा ग्रामीणों ने गोपालपुर एनीकेट से करणीकृपा संयंत्र को अप्रत्यक्ष रूप से कोडार का पानी देने का भी विरोध जताया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद केके साहू तुमगांव, पूर्व सरपंच अन्नु चंद्राकर, कुसुम साहू, झगेश्वरी साहू, राधा साहू तुमगांव, कमल साहू, अंजू साहू, वैभव चौधरी जलकी, मनहरण लाल साहू कुकराडीह, तुलसीराम साहू भोरिंग, जय दास गढ़सिवनी, शत्रुहन कुमार वास, थानुराम साहू, रामशरण, सेवाराम, नुकेश चंद्राकर ग्राम पीढ़ी, एचआर बघेल, मोहित राम चंद्राकर कुकराडीह, विजय साव पार्षद, सूरज नायक, बबलू हरपाल, पराग आंवड़े, टेथिस चेलक भोरिंग, योगेश यादव अछोला, व्यासनारायण अछोला, पुष्कर साहू, चम्मन लाल साहू पंच भोरिंग, वेदप्रकाश साहू भोरिंग, जगन्नाथ खैरवार बिरबिरा, नजरूद्दीन भाटी तुमगांव, मन्नुलाल जांगड़े अमावस, परस पटेल जलकी, अमरदास, गुलाब राम, संतोष तुमगांव, शिवकुमार अछरीडीह, राजेश चंद्राकर, शिवकुमार देवांगन, युवराज चंद्राकर महासमुंद, पुरुषोत्तम यादव बांसकुड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# सरपंच से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम बिरकोनी के वार्ड 2 साहूपारा में नाली निर्माण की बात पर सरपंच से मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिरकोनी सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर पिता बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर ने बताया कि पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड निर्माण हुआ है। पानी निकासी के लिये सीसी रोड के किनारे नाली का निर्माण विगत 3 दिनों से चल रहा है। इस दौरान गांव के भेखलाल साहू, जागेश्वर साहू एवं गीता साहू के द्वारा नाली निर्माण नहीं करने दिया जा रहा था। जिसे विगत 3 दिन से उसने एवं वार्ड क्रमांक 02 के पंच एवं अन्य पंचों द्वारा समझाया गया कि नाली निर्माण होने दो अवरोध उत्पन्न ना करेकरो, लेकिन वे लोग नहीं मान रहे थे। 16 सितंबर को जैसे ही मजदूरों द्वारा नाली निर्माण करना शुरू किया तो उक्त तीनों लोग नाली निर्माण करने से मना कर गैंती, फावड़ा को छीन रहे थे। जिसकी सूचना वार्ड क्रमांक 02 के पंच पवन साहू द्वारा द्वारा प्रार्थी को दी गई। सरपंच करीबन 4 बजे गांव के पंच गिरीश चंद्राकर, दीप कुमार चंद्राकर, भागवत पटेल, महावीर निषाद, महेंद्र यादव, फागुलाल साहू, तुकेश साहू, हेमराज चंद्राकर के साथ पवन साहू के घर के पास गया था वहां भीड़ लगी थी। इस दौरान फिर भेखलाल साहू, जागेश्वर साहू तथा गीता साहू को समझाया गया कि नाली निर्माण होने दो। लेकिन, वे लोग कहने लगे कि नाली निर्माण हमारे घर के सामने नहीं होगा, जो करना है कर लो। इसके बाद वे लोग आक्रोशित होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मवेशी चरा रहे व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भीखापाली के गौशाला के बैल, भैंस चराने वाले वाले व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सन्नी चौहान ने बताया कि वह गणेश अग्रवाल के गौशाला भीखापाली में विगत एक माह से बैल-भैंस चराने का काम करता है।16 सितंबर की के दोपहर करीबन 3.30 बजे बैल-भैंस को चराकर बुंदेली चौक तेंदूकोना की ओर से वापस गौशाला भीखापाली ले जा रहा था। उसी समय तेंदूकोना के हीरासिंग पटेल ने रोका और कहा कि किसका बैल-भैंस है, तब उसने बताया कि गणेश अग्रवाल के गौशाला भीखापाली का बैल-भैंस है, जिसको चराने गया था, अब वापस ले जा रहा हूं। तब हीरासिंग पटेल ने कहा कि इसका कागजात दिखाओ। तब प्रार्थी ने कहा कि मेरे पास नहीं है। इस पर आरोपी हीरासिंग पटेल कालर पकड़कर अश्ली ल गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

# मानसून 12 दिन ही शेष, सावन व भादो में एक बार भी नहीं लगी सप्ताहभर की झड़ी

**महासमुंद।** जिले में इस बार सावन व भादो में एक बार भी ऐसा मौका नहीं आया कि सप्ताह भर तक बारिश का दौर चलता रहे। इसका असर भी देखने को मिला कि मानसून के मात्र 12 दिन बचे हैं। अब तक औसत बारिश का कोटा अधूरा हैं। इसके पहले सावन व भादो की बारिश की झड़ी से माह भर पहले कोटा पूरा हो जाता था। जिले में जून से शुरू हुआ बारिश का दौर अब पूरा होने को है। मानसून को अब मात्र 12 दिन शेष रह गए हैं लेकिन इस बार मानसून की बेरूखी के कारण जिले की औसत बारिश का कोटा भी पूरा नहीं हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आगामी दिनों में बारिश को लेकर कोई सिस्टम एक्टिव नहीं है। मंगलवार को रुक-रुककर बारिश होती रही। इस बार पिछले कई सालों में पहली बार ऐसा मौका आया कि सावन व भादो में एक बार भी झड़ी नहीं लगी। बीच-बीच में एकाध दिन बारिश हो रही है। इसके बाद केवल रिमझिम बारिश हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार 1 जून से आज तक जिले में कुल 718.8 मिमी बारिश हुई है। जो वर्षभर की संभावित बारिश का 72 प्रतिशत है। सीजन में अभी 13 दिन शेष है। मानसून सीजन के 117 दिन में अब तक 718.8 मिमी बारिश हो चुकी है। ज्ञात हो कि जिले में मानसून सक्रिय होने के साथ झमाझम बारिश हुई। इसके बाद मानसून रूठ सा गया था। किसानों की चिंता भी बढ़ गई थी। जुलाई के अंतिम सप्ताह व अगस्त के शुरूआत में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। लेकिन आज तक औसत बारिश का कोटा पूरा नहीं हुआ है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार 1 जून से आज तक जिले में कुल 718.8 मिमी बारिश हुई है। जो वर्षभर की संभावित बारिश का 72 प्रतिशत है। पिथौरा में अब तक सबसे अधिक बारिश 937 मिमी, सरायपाली 757.3 मिमी, कोमाखान में 698.6, बसना में 660, बागबाहरा में 659 मिमी और महासमुंद तहसील में 593.9 मिमी बारिश हुई है।

# एनएचएम कर्मियों ने दमनकारी नीति से इच्छा मृत्यु का ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल 30वें दिन भी जारी रहा। जिला इकाई महासमुंद के आंदोलनरत कर्मचारियों में जोश और उत्साह भरने के लिए नारेबाजी किया गया। लोहिया चौक से बरोंडा चौक से कलेक्टर गेट से वापस अंबेडकर चौक से शहीद स्मारक खरोरा में बाईक रैली निकाली गई। नियमितीकरण का नारा, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। साथ



ही बर्खास्त पत्र को दहन किया गया। एनएचएम कर्मी ने दमनकारी नीति से इच्छा मृत्यु का ज्ञापन राजयपाल के नाम से प्रभारी अधीक्षक राकेश बारले को सौंपा गया। शासन के अब तक के उदासीन रवैए के बारे में बताते हुए कहा कि शासन-प्रशासन कर्मचारियों के आंदोलन को खत्म करने के लिए सिर्फ लेटर पर लेटर निकाल रही है। इतनी फुर्ती अगर संघ के मांगों के संबंध में दिखाती तो छत्तीसगढ़ की जनता को अब तक स्वास्थ्य की असुविधा से दूर होना पड़ता। इस दौरान प्रांतीय पदाधिकारियों समेत जिला अध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, डॉक्टर देवेंद्र साहू, मधुराज देवांगन, विनय नाग, प्रवीण नागदेवे, सुनील साहू, देवकुमार डडसेना, परमेश्वर सेन, नेहा चंद्राकर, मेघा रानी ताम्रकार, सीमा पाल, निखिल गोस्वामी, आजुराम वर्मा, विजय भान, हिरेंद्र कर, ढोलचंद नायक, सुरेंद्र चंद्राकर, दुधेश पटेल, मनीष भारद्वाज, तेजस राठौर, सरिता ध्रुव, मोहन प्रधान आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फैक्ट्रियों एवं पंडालों में हवन पूजन के साथ विविध आयोजन भी हुए

# धूमधाम से मनाई गई आदी शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले भर में बुधवार को आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में मंदिरों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों व दुकानों में भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजन अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में विश्वकर्मा जयंती पर लोगों ने पूजा कर भगवान आदि शिल्पी भगवान विश्कर्मा की पूजा अर्चना कर संसार में सुख शांति की कामना की। जिले



में स्थित कल कारखानों के साथ सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। शिल्पकार विश्वकर्मा की पूजा दिनभर चलती रही। इस अवसर पर फैक्ट्री, वाहन, औजार, मशीन आदि की पूजा की गई। भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर साल आश्विन मास के कन्या संक्रांति पर मनाई जाती है। इस वर्ष यह पर्व बुधवार को मनाया गया। इस दिन को औद्योगिक जगत, तकनीकी पेशे और निर्माण कार्य से जुड़े लोग बड़े उत्साह से मनाते हैं। विश्वकर्मा जयंती को विशेष रूप से मशीन दिवस भी कहा जाता है। परंपरा है कि इस दिन फैक्ट्रियों, कारखानों, दफ्तरों, दुकानों और घरों में उपयोग होने वाले उपकरणों व मशीनों की सफाई कर उनकी पूजा की जाती है। ऐसा करने से कार्यक्षमता बढ़ती है और दुर्घटनाओं से सुरक्षा मिलती है।

### सिर्फ एक समाज तक सीमित नहीं

अक्सर यह भ्रम रहता है कि विश्वकर्मा जयंती केवल कारीगरों या इंजीनियर समुदाय का त्योहार है, जबकि सच यह है कि भगवान विश्वकर्मा को समस्त सृष्टि का प्रथम शिल्पी और वास्तुकार माना गया है। चाहे कोई किसान हो, व्यापारी, शिक्षक या छात्र, हर वर्ग के लिए विश्वकर्मा पूजन शुभ और फलदायी माना गया है।

### समुद्र मंथन से हुआ जन्म

मान्यता यह है कि विश्वकर्मा का जन्म देवताओं और राक्षसों के समुद्र मंथन से हुआ था। पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि भगवान विश्वकर्मा ने दुनिया का निर्माण किया और कृष्ण की नगरी द्वारका का निर्माण किया।


आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

महासमुंद कार्यालय



मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव

पद 01

वेतन योग्यतानुसार एवं अनुभवी को प्राथमिकता

संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें-

हरिभूमि कार्यालय

(सुबह 11.00 से 1.00 बजे तक)

हरिभूमि कार्यालय, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप



### मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक नीलाम कोसरे, मधारी पटेल, लता चंद्राकर, ललिता धीवर, रुक्मणी सारथी, मनीषा चंद्राकर, हीना चंद्राकर, मोनिका चंद्राकर ने लोगों को बताया कि साफ-सुथरा और अपने आसपास के जगह को स्वच्छता बनाए रखना है।

### जिले में पर्पल फेयर का आयोजन 26 को

**महासमुंद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा रजत जयंती महोत्सव एवं सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले में दिव्यांगजनों, वरिष्ठजनों तथा विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए विविध गतिविधियाँ संचालित होंगी। इसी कड़ी में 26 सितंबर 2025 को स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन खैरा महासमुंद में जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं सीआरसी राजनांदगांव संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पर्पल फेयर (दिव्यांगजनों हेतु, दिव्यांगजनों द्वारा) का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले के माध्यम से दिव्यांगजनों को अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करने, कौशल विकास के अवसर प्राप्त करने एवं विभिन्न हितधारकों से जुड़ने के लिए एक समावेशी मंच प्रदान किया जाएगा। पर्पल फेयर में दिव्यांगजनों हेतु रोजगार मेला, सहायक उपकरणों का वितरण, सरकारी योजनाओं एवं प्रकाशनों की प्रदर्शनी, दिव्यांग कला गैलरी, मनोरंजक खेल एवं गतिविधियां, संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी, भोजन स्टॉल, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही दिव्यांगजनों के लिए, दिव्यांगजनों द्वारा गतिविधियां आयोजित की जाएगी। समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह ने जिले के अधिक से अधिक दिव्यांगजन, वरिष्ठजन एवं स्कूली/महाविद्यालयीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### जिले के 550 श्रमिक हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महासम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा एक लाख 84 हजार 220 से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को लाभान्वित किया गया। जिले से महासम्मेलन में शामिल होने सभी हितग्राहियों को 10 बसों के माध्यम से महासमुंद विधायक राजू सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के श्रम विभाग में पंजीकृत 550 हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

**आयोजन:** सेवा पखवाड़ा एवं विकसित भारत पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

# प्रदर्शनी में मोदी के संकल्पना पर आधारित मजबूत राष्ट्र की झलक है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा एवं विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक राजू सिन्हा ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, जिला बास्केट बॉल संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनवानी, माखन पटेल, पूर्व पार्षद राजू चंद्राकर, शरद मराठा, रमेश साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन कराया।

छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत की संकल्पना, सेवा कार्यों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प और उनके जीवन की प्रेरणादायक यात्रा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में मोदी के बचपन, उनकी शिक्षा, देशभक्ति, तथा प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की झलक को सजीव चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। इस अवसर पर विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल एक दृश्य प्रस्तुति नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की परिकल्पना की नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, और इसके लिए हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने इस प्रदर्शनी को केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्पों, मजबूत फैसलों और एक राष्ट्र, एक लक्ष्य की झलक दिखाई देती है। उनके बचपन से आज तक के सफर को फोटो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में मोदी के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को खूबसूरती से उकेरा गया है, जैसे उनका बचपन, देशभक्ति की भावना, उनके संघर्षों की कहानी, मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बनने की यात्रा, और उनके द्वारा देश के विकास के लिए उठाए गए कदम। उपलब्धियों में डिजिटल हुई पहचान, डिजिटल से भुगतान, छत्तीसगढ़ को मिली सौगात, शिक्षा का एक नया अध्याय, एक पेड़ मां के नाम, जल शक्ति, आतंकवाद का मुंह तोड़ जवाब, अंतरिक्ष शक्ति, वर्षों का अंधेरा छटा घर-घर में सूरज उगा और हर गरीब के सिर पर हो अपनी छत जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया है।

छायाचित्र प्रदर्शनी के साथ-साथ जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, आम नागरिक सहित विद्यार्थीगण, अधिकारी-कर्मचारी, समूह की महिलाएं, युवाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### छायाचित्र प्रदर्शनी का जनप्रतिनिधियों, नागरिकों ने किया अवलोकन

महासमुंद। आदि सेवा पर्व और सेवा पखवाड़ा तथा विकसित भारत मोदी की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट परिसर महासमुंद में लगाई गई। जिला प्रशासन के सहयोग से जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित छायाचित्रों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं महिलाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन एवं सराहना किया। छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, जिला स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, थानसिंग दीवान, राहुल चंद्राकर, मोनिका चंद्राकर, देवदत्त साहू, मुन्ना साहू, हीरा साहू, पूरण सोनबेर, लिकेश साहू, धर्मेंद्र ठाकुर ने अवलोकन किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन की झांकी तथा विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में एक पेड़ मां के नाम, शिक्षा का एक नया अध्याय, डिजिटल से हुई पहचान-डिजिटल से भुगतान-डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, वर्षों का अंधेरा छटा, घर-घर में सूरज उगा, मेरे देश के जवान तुझको शत-शत प्रणाम, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, सुधारों का दौर, रक्षा बलों का कायाकल्प, कर्म के प्रति समर्पण, मोदी के बचपन, पाठशाला, मां से मिला ईमानदारी का संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक प्रदर्शित की गई।



### सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपाइयों ने किया रक्तदान

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज चंद्राकर के आह्वान पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू एवं भाजयुमो ग्रामीण अध्यक्ष पूनम निषाद, कमल नारायण साहू के नेतृत्व में सैकड़ों (ग्रामीण) कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचकर रक्तदान किया। साथ ही रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र व हेलमेट से सम्मानित किया।



### विश्वकर्मा जयंती पर समाज प्रमुखों का सम्मान

**घोड़ारी।** तुमगांव परिक्षेत्र झेरिया लोहार समाज ग्राम घोड़ारी के तत्वावधान में विश्वकर्मा भवन में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि सरपंच पार्वती सुधीर बंजारे रहीं। सरपंच ने समाज प्रमुखों का श्रीफल व गमछा भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर तुमगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष किशन विश्वकर्मा, सह सचिव कन्हैया विश्वकर्मा, पंच धनुष विश्वकर्मा, चुन्नूलाल विश्वकर्मा, रविशंकर, दसोदा विश्वकर्मा, सीता विश्वकर्मा, गायत्री विश्वकर्मा, विमला विश्वकर्मा, कुंती विश्वकर्मा व समस्त विश्वकर्मा परिवर की ओर से कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।



### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए किया आर्थिक सहयोग

**महासमुंद।** पंजाब में आई बाढ़ त्रासदी ने भारी नुकासन पहुंचाया। बाढ़ में 1400 गांव जलमग्न हो गये और 1,48,590 हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी फसल नष्ट हो गयी है, जिससे राज्य की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है। विशेषकर धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इन बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार हरसंभव मदद कर रही है। इस तबाही को देख छात्र-छात्राओं ने भी मदद का हाथ बढ़ाया है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के महर्षि विद्या मंदिर के पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के 853 छात्र-छात्राओ और स्टाफ ने 11001 रुपए एकत्रित कर कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर को पैसा देकर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को मदद पहुंचाने की मांग की। छात्र दीपांशु ढीढी ने बताया कि हम वहां जाकर उनकी मदद तो नही कर सकते, इसलिए हम सभी छात्रों ने आर्थिक रुप से मदद करने की सोची और पैसा एकत्रित कर प्राचार्य के साथ मिलकर कलेक्टर के माध्यम से भेजने के लिए आए है। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पंजाब में प्रकृति का ऐसा प्रकोप हुआ कि जन धन का काफी नुकसान हुआ। इसलिए हम सभी आर्थिक मदद करने के उद्देश्य से ये पैसा एकत्रित किये है।

### 2 अक्टूबर तक होंगे विविध आयोजन

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 अंतर्गत जिले में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं रासेयो के इकाइयों में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर, 21 सितंबर को सेवा पखवाड़ा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता, 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर, 21 से 25 सितंबर तक खेलकूद प्रतियोगिता, 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा के अंर्तत स्वच्छता अभियान एवं शपथ एवं प्रबुद्ध जनों का सम्मान तथा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाया जाएगा।

## दुर्गापाली के शिक्षक व ग्रामीणों ने की सीएम से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली के समस्त शिक्षक व ग्राम पंचायत दुर्गापाली के समस्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात में विद्यालय व ग्राम पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में विकास संबंधी चर्चा किए। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के लिये शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति, प्रार्थना शेड निर्माण, अटल टिकरिंग लैब,सायकल स्टैंड, अपूर्ण अहाता निर्माण, कृषि संकाय संचालन व व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 32 लाख की स्वीकृति दी और अगले शिक्षा सत्र से दुर्गापाली में नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में निमंकर पटेल प्राचार्य, व्याख्यातागण पुनितलाल चौधरी, सीता सिंह, जयदेव साहू, शिवप्रसाद पटेल, राजेश पंडा, एकता शर्मा, देवराज पाणिग्रही, भूपेंद्र खूंटे, अतिथि शिक्षक अंगद अजगर, रामप्रसाद यादव, विद्यालय स्टॉफ आशीष दीवान, रजनी राठिया, केदार पटेल, मौना पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गापाली, चितरंजन पटेल अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, राजकुमार पटेल, खेमराज पटेल, भुवनेश्वर पटेल, श्याम कुमार पटेल शामिल रहे।

### पुरस्कार के लिए आवेदन 26 तक आमंत्रित

**महासमुंद।** छग शासन द्वारा महिलाओ के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष नारी उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष माता बहादुर कलारिन सम्मान एवं महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य साहस तथा महिलाओं में आत्मबल का सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष वीरागंना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरसकार प्रदान किया जाना है। इसके तहत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप से प्रदान किये जाने का प्रावधान है। आवेदन पत्र महिला बाल विकास विभाग में 26 सितंबर तक कर सकते हैं।

### हाईस्कूल रोहिना में मनाया विश्व ओजोन दिवस




**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाईस्कूल रोहिना में अंतराष्ट्रीय ओजोन संरक्षण दिवस पर मॉडल प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया। विज्ञान शिक्षक एके पटेल ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल की समताप मंडल में पाई जाती है, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 15-30 किलोमीटर ऊपर स्थित है। यह परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित कर पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करती है। प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल ने ओजोन दिवस पर ओजोन गैस बनाकर ओजोन के संरक्षण एवं क्षरण से होने वाले नुकसान के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई है। छात्रों को टीवी स्क्रीन के माध्यम से ओजोन गैस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर व्याख्याता कमलेश साहू, केके साहू, शिक्षक लक्ष्मण पटेल, एसके पटेल आदि उपस्थित रहे।

## निःशुल्क साइकिल पाकर खिल उठे छात्राओं के चेहरे

### सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमीं के 77 छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में कक्षा नवमी के 77 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत वितरित की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टेकराम पटेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, विशेष अतिथि के रूप में कोमाखान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, दुबेलाल साहू, किरण यदु, लेखमणि पटेल, आशीष गुप्ता, फरीद खान, जुगेश पटेल, परमेश्वर पटेल, गुलशन शिरोमणी उपस्थित रहे।

जिपं उपाध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि छात्राओं को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में बालिका शिक्षा के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रारंभ इस योजना को बताते हुए कहा कि इस योजना से लाभान्वित छात्राएं सशक्त एवं आत्मनिर्भर होकर अपने अध्ययन कार्य में लग रही हैं, और वे पढ़ाई बीच में न रोककर अब कॉलेज भी जा रही हैं। उन्होंने छात्रों को शाला में गुरुजनों द्वारा बताए अनुशासन पर चलकर अच्छा जीवन का आह्वान किया। उन्होंने शाला के विगत उपलब्धियों पर हर्ष जताते हुए विद्यालय को सभी संभव सहायता का वादा किया। नितिन जैन ने कहा कि इस विद्यालय में अभावों के बावजूद नकारात्मकता को छोड़कर सकारात्मक विचारों से विद्यार्थियों का विकास किया। यहां के शिक्षक सुदूर क्षेत्र में पदस्थ होने के बावजूद अपने कार्य में लगन से लगे हुए हैं। जिसके कारण इस विद्यालय ने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य भूपेंद्र कुमार पड़ियार, निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के प्रभारी व्याख्याता पन्नालाल साहू, भास्कर प्रसाद यादव, दुर्गेश चंद्राकर, जागृति प्रजापति सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस बड़े उत्साह और गंभीरता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर तोषी साहू ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान की धरोहर है। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि हिंदी के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं का भी संरक्षण आवश्यक है। क्योंकि, हर भाषा में हमारी सभ्यता और लोकजीवन की झलक मिलती है। सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रिका चौधरी ने हिंदी साहित्य की विविधता और व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी साहित्य में आमजन के जीवन, संघर्ष और भावनाओं का सजीव चित्रण मिलता है। आज की युवा पीढ़ी को हिंदी की समृद्ध परंपरा को आधुनिक संदर्भों में जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कवि केदारनाथ अग्रवाल की कविता का पाठ कर श्रोताओं को जीवन के प्रति संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ. चंद्रिका चौधरी ने महाविद्यालय के पुस्तकालय के लिए अपनी दो किताबों-छत्तीसगढ़ के कहानीकारों की चुनिंदा कहानियां, और किसान विमर्श के विविध आयाम' को सप्रेम भेंट स्वरूप प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के सुपुर्द किया। विविध कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और हिंदी भाषा के प्रति प्रेम का परिचय दिया। कविता पाठ में मेघा दास (एमएससी रसायन शास्त्र), रीना साव (बीए तृतीय वर्ष) एवं भाग्यश्री अंचल (बीए तृतीय वर्ष) ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को प्रभावित किया। स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों तथा पीएचडी शोधार्थियों ने हिंदी साहित्यकारों की प्रमुख उक्तियों को उद्धृत करते हुए हिंदी की प्रासंगिकता और उसके योगदान पर विचार अभिव्यक्ति की। उनके विचारों में यह संदेश स्पष्ट था कि हिंदी केवल संपर्क भाषा नहीं, बल्कि विचारों, भावनाओं और राष्ट्रीय एकता की भाषा है। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शिल्पा साहू ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार एवं आरती साहू एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।




श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
Since-2007

